भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

# प्रेस विज्ञप्ति

14.07.2025 – अखिल भारतीय

## एलआईसी ने बैंकाश्योरेंस के लिए एयू(AU) स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ टाय अप किया

देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी, भारतीय जीवन बीमा निगम ने कॉर्पोरेट एजेंसी व्यवस्था के तहत भारत के अग्रणी लघु वित्त बैंकों में से एक, एयू(AU) स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ टाय अप किया है।

इस साझेदारी की आधिकारिक शुरुआत 14 जुलाई, 2025 को आयोजित एक संयुक्त वेबकास्ट के माध्यम से हुई, जिसमें दोनों संगठनों के वरिष्ठ नेतृत्व दल शामिल हुए।

यह आयोजन व्यापक वित्तीय समावेशन और बीमा पहुँच के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, विशेष रूप से वंचित और ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की मजबूत उपस्थिति है। इस समझौते के माध्यम से, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक अपनी शाखाओं और डिजिटल चैनलों पर एलआईसी के जीवन बीमा उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला वितरित करेगा, जिसमें वार्षिकी, यूलिप, टर्म इंश्योरेंस और बचत श्रेणी शामिल हैं। इससे एयू बैंक के ग्राहकों को एक ही छत के नीचे विश्वसनीय, व्यापक सुरक्षा और दीर्घकालिक बचत समाधान प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

एलआईसी की 3600 से अधिक शाखाओं और सैटेलाइट कार्यालयों तथा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के लगभग 2500 टचपॉइंट के विशाल नेटवर्क की संयुक्त शक्ति के माध्यम से, देश भर में जीवन बीमा की पहुँच आसान हो जाएगी और यह "2047 तक सभी के लिए बीमा" के विजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

इस सहयोग से, दोनों संस्थान वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और पूरे भारत में सर्वोत्तम बीमा समाधान प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

दिनांक - 14 जुलाई, 2025
स्थान- मुंबई

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:
कार्यकारी निदेशक (नि.सं.), भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई।
ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com
हमारी वेबसाइट www.licindia.in पर जाएँ

---

हमारा मानना है कि इस विज्ञप्ति में शामिल समाचार आपके पाठकों के लिए मूल्यवान हैं। हम आपको इसे जल्द से जल्द प्रकाशित करने के लिए धन्यवाद देते हैं, साथ ही हम यह भी मानते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आपका है।